पत्र सूचना शाखा
**(मुख्यमंत्री सूचना परिसर)**
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, उ0प्र0

## मुख्यमंत्री ने जनपद गोरखपुर में महायोगी गुरु गोरखनाथ राज्य आयुष विश्वविद्यालय में नवनिर्मित बालक और बालिका छात्रावास का उद्घाटन किया

## छात्रावास के उद्घाटन अवसर पर दोनों छात्रावासों के आवंटी चिकित्सक विद्यार्थियों को उनके कमरों की चाभी सौंपी

## आयुष विश्वविद्यालय परिसर में निर्माणाधीन ऑडिटोरियम का निरीक्षण किया

## मुख्यमंत्री ने बालापार–टिकरिया–गांगी बाजार 04 लेन सड़क के निर्माण कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया

## निर्माण में गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखते हुए जल्द से जल्द इसे पूर्ण कर लिया जाए : मुख्यमंत्री

**लखनऊ : 11 जुलाई, 2026**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने आज जनपद गोरखपुर में महायोगी गुरु गोरखनाथ राज्य आयुष विश्वविद्यालय में नवनिर्मित बालक और बालिका छात्रावास का उद्घाटन किया। बालक छात्रावास का नामकरण मुख्यमंत्री जी के गुरुदेव राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ जी महाराज की स्मृति में हुआ है, जबकि बालिका छात्रावास राप्ती नाम से है।

मुख्यमंत्री जी ने छात्रावास के उद्घाटन अवसर पर दोनों छात्रावासों के आवंटी चिकित्सक विद्यार्थियों को उनके कमरों की चाभी सौंपी। उन्होंने आयुष विश्वविद्यालय परिसर में निर्माणाधीन ऑडिटोरियम का निरीक्षण किया और निर्माण कार्यों में तेजी लाते हुए इसे शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने खिड़कियों पर जाली लगवाने, साफ–सफाई की उत्कृष्ट व्यवस्था करने तथा मेस में गुणवत्तापूर्ण भोजन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने छात्रावास के आवंटी एम0डी0 आयुर्वेद के विद्यार्थियों से भी संवाद किया। उन्होंने आयुर्वेद की उच्च शिक्षा को बेहतरीन अवसर बताते हुए विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

मुख्यमंत्री जी ने छात्रावास का उद्घाटन करने के उपरान्त विश्वविद्यालय परिसर में बन रहे ऑडिटोरियम के निर्माण कार्यों का जायजा लिया। कार्यदायी संस्था के

अधिकारियों ने उन्हें अद्यतन प्रगति से अवगत कराया। ऑडिटोरियम के निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री जी ने कार्यदायी संस्था से निर्माण कार्य में और तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण में गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखते हुए जल्द से जल्द इसे पूर्ण कर लिया जाए।

इसके पूर्व, मुख्यमंत्री जी ने भटहट से बांस स्थान मार्ग के 04 लेन चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य का लोकार्पण किया।

इसके पश्चात मुख्यमंत्री जी ने बालापार–टिकरिया–गांगी बाजार 04 लेन सड़क के निर्माण कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मैनपावर बढ़ाकर कार्य में और तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने 04 लेन सड़क और इसके आसपास के गांवों की आबादी की जल निकासी भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

ज्ञातव्य है कि 838.05 करोड़ रुपये लागत वाली इस 04 लेन सड़क का निर्माण फरवरी, 2025 में शुरू हुआ था। कुल 16.15 कि0मी0 लम्बाई वाले बालापार–टिकरिया–गांगी बाजार 04 लेन सड़क का निर्माण कार्यदायी संस्था लोक निर्माण विभाग, निर्माण खण्ड–3 द्वारा कराया जा रहा है।

————————

***PN-CM-Gorakhpur Visit-Inspection-11 July, 2026***